रतन टाटा का योगदान और विरासत

[स्रोत: हिंदुस्तान टाइम्स](#)

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **टाटा समूह के पूर्व अध्यक्ष रतन नवल टाटा (जिन्हें 21वीं सदी में भारत के आर्थिक पुनरुत्थान के प्रतीक के रूप में जाना जाता है)** का 86 वर्ष की आयु में मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया।

//

रतन टाटा कौन थे?

- **परिचय:**
    - रतन नवल टाटा एक प्रतिष्ठित भारतीय व्यवसायी और भारत के सबसे बड़े समूहों में से एक, टाटा समूह के पूर्व अध्यक्ष थे।
    - उन्हें वर्ष 2000 में पद्म भूषण और वर्ष 2008 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।
    - उन्होंने **कॉर्नेल विश्वविद्यालय से वास्तुकला में स्नातक की उपाधि प्राप्त की** और वर्ष 1962 में अपने **परदादा जमशेदजी टाटा** द्वारा स्थापित **टाटा समूह में शामिल होने के लिये भारत लौट आए।**
    - वह **एक लाइसेंस प्राप्त पायलट थे** जो अपने शांत आचरण, अपेक्षाकृत साधारण जीवनशैली और परोपकारिता के लिये जाने जाते थे।
    - रतन टाटा **दूरदर्शी और दयालु व्यक्तित्व के थे तथा** उन्होंने व्यावसायिक और सामाजिक क्षेत्रों में लोकप्रियता हासिल की।
- **उपलब्धियाँ:**
    - रतन टाटा ने **टाटा समूह को एक वैश्विक महाशक्ति के रूप में बदलने में प्रमुख भूमिका निभाई** जिसमें इस्पात, ऑटोमोबाइल, सॉफ्टवेयर और दूरसंचार जैसे उद्यम शामिल हैं।
    - **अपने कॅरियर के शुरुआती दिनों में उन्होंने टाटा मोटर्स (पूर्व में टेल्को) और टाटा स्टील** सहित कई टाटा कंपनियों के साथ कार्य किया तथा नेशनल रेडियो एंड इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी को पुनर्जीवित किया।
    - **वर्ष 1991 में** वे **जे.आर.डी टाटा के बाद टाटा समूह के अध्यक्ष** बने।
    - उन्होंने महत्त्वपूर्ण **संगठनात्मक सुधार (जैसे सेवानिवृत्ति की आयु निर्धारित करना एवं** युवा प्रतिभाओं की नेतृत्वकारी भूमिकाओं को बढ़ावा देना) लागू किये।
- **उन्हें निम्नलिखित पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया:**
    - वर्ष 2021 में असम सरकार द्वारा असम बैभव।
    - वर्ष 2023 में किंग चार्ल्स तृतीय द्वारा ऑर्डर ऑफ ऑस्ट्रेलिया के मानद अधिकारी।

- वर्ष 2008 में आईआईटी बॉम्बे द्वारा मानद डॉक्टर ऑफ साइंस की उपाधि।
- वर्ष 2014 में महारानी एलिजाबेथ द्वितीय द्वारा मानद नाइट ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर (GBE)
- वर्ष 2008 में सिंगापुर सरकार द्वारा मानद नागरिक पुरस्कार।

- **योगदान:**
  - टाटा ने आईटी बूम का लाभ उठाते हुए **वर्ष 1996 में टाटा टेलीसर्विसेज़** की स्थापना की तथा **वर्ष 2004 में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS)** को सार्वजनिक कर दिया।
  - उनके नेतृत्व में महत्त्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय अधिग्रहण हुए, जिनमें शामिल हैं:
    - वर्ष 2000 में **टेटली टी** की खरीद।
    - वर्ष 2002 में **VSNL (विदेश संचार निगम लिमिटेड)** का अधिग्रहण।
    - वर्ष 2007 में **कोरस स्टील का अधिग्रहण (**किसी भारतीय कंपनी द्वारा किया गया सबसे बड़ा अधिग्रहण था)।
    - वर्ष 2008 में **फोर्ड से जगुआर और लैंड रोवर** का अधिग्रहण।
    - **जनवरी 2022 में टाटा समूह** द्वारा सरकार से **एयर इंडिया के अधिग्रहण** में टाटा ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।
  - उन्होंने टाटा नैनो भी लॉन्च की**, जो एक कम लागत वाली कार थी जिसका उद्देश्य भारतीयों को किफायती परिवहन का साधन उपलब्ध** कराना था।
  - टाटा, भारतीय स्टार्टअप्स में एक प्रमुख निवेशक थे जिन्होंने **पेटीएम, ओला इलेक्ट्रिक** और अर्बन कंपनी जैसी कंपनियों का समर्थन किया।

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न PYQ

??????????:

प्रश्न. भारत रत्न और पद्म पुरस्कारों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2021)

1. भारत रत्न और पद्म पुरस्कार भारत के संविधान के अनुच्छेद 18(1) के अंतर्गत उपाधियाँ हैं।

2. वर्ष 1954 में प्रारंभ किये गए पद्म पुरस्कारों को केवल एक बार निलंबित किया गया था।
3. किसी वर्ष-विशेष में भारत रत्न पुरस्कारों की अधिकतम संख्या पाँच तक सीमित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही नहीं हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

उत्तर: (d)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/contributions-and-legacy-of-ratan-tata